# कार्यालय अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, प्रतापगढ़(राज0)

क्रमांकः–निविदा / 2024–25 / 240 दिनांकः–23–01–2025

## "सीमित निविदा आमन्त्रण सूचना"

सर्व साधारण को खास तौर पर सूचित किया जाता है कि इस न्यायक्षेत्र में नवसृजित अपर जिला एवं सेशन न्यायालय–छोटीसादड़ी न्यायालय हेतु वितीय वर्ष 2024–25 के लिए **03 कम्प्यूटर–03 प्रिन्टर विथ यूपीएस** की आवश्यकता के मद्धेनजर राज. लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 उपनियम 16 के अनुसार मोहरबंद निविदा फर्म के लेटरपेड के साथ निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार निविदा प्रपत्र में दरें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का सम्पूर्ण विवरण एवं शर्ते विभागीय वेबसाईट http://district.ecourts.gov.in/pratapgarh पर तथा इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है।

निविदा प्रपत्र शुल्क 200/–नकद जमा कराकर अथवा बेवसाईट से डाउनलोड किये जाने की स्थिति में फॉर्म शुल्क मूल्य 200/–रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट **जिला एवं सेशन न्यायालय, प्रतापगढ** के पक्ष में देय के नाम से बनाया जाकर निविदा के साथ अवश्य लगावें अन्यथा निविदा प्रपत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

निविदा प्रपत्र जारी तिथि से दिनांक 29–01–2025 तक प्रातः11.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 29–01–2025 को दोपहर 12.00 बजे तक जमा जायेगी तथा प्राप्त निविदाएं दिनांक 29–01 –2025 को ही सायं 03.00 बजे उपस्थिति निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष समिति के द्वारा खोली जावेगी।

| S.N. | Items Specification | | Quantity | Budget Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **New COMPUTER SYSTEM & PRINTER WITH UPS** | as per Annexure A & B | **03 Computer 03 Printer with UPS** | 180000/– |

निविदा की शर्ते–

1. निविदा में दी गई दरे वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए GST सहित **FOR छोटीसादडी मुख्यालय** पर होनी आवश्यक हैं। समस्त प्रकार के कर की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
2. किसी भी न्यूनतम दर या सम्पूर्ण निविदा आमंत्रण सूचना को स्वीकार/अस्वीकार करने का एवं सूचना में दी गई राशि को कम/अधिक करने का पूर्ण अधिकार कमेटी को रहेगा।
3. सामग्री निर्धारित Annexure के अनुरूप उत्तम क्वालिटी की होनी चाहिए।
4. उक्त सामग्री के क्रय आदेश के अनुसार बिल दो प्रतियों में बैंक खाता संख्या, IFSC Code./ Cancelled Cheque की प्रति प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।
5. मोहरबंद निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय नवीन कम्प्यूटर/प्रिन्टर मय यूपीएस संलग्न Annexure A-B में वर्णित स्पेशीफिकेशन के अनुरूप दरें व फोटो/नमूना प्रस्तुत किये जाने होंगे।
6. निर्धारित निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर अथवा वेबसाइट से डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र बंद लिफाफें में प्रस्तुत किये जाने अनिवार्य है।

अध्यक्ष
क्रय समिति,
जिला एवं सेशन न्यायालय,
प्रतापगढ. (राज0)
दिनांकः–23–01–2025

क्रमांकः–निविदा / 2024–25 / 241 To 244

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित हैं :–

1. माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय,प्रतापगढ़ (राज.)
2. नोटिस बोर्ड, जिला न्यायालय, प्रतापगढ़(राज0)
3. आम चौराहा प्रतापगढ
4. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, प्रतापगढ को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

अध्यक्ष
क्रय समिति,
जिला एवं सेशन न्यायालय,
प्रतापगढ़ (राज0)

**ANNEXURE-A**

TECHNICAL SPECIFICATIONS For Desktop Computers HP/Lenovo/Dell

| Sr. | | Computer System Type- Inteli3 / Regular Desktop |
|---|---|---|
| **1.** | Form Factor | ATX Cabinet |
| | **Processor and Motherboard** | |
| **2.** | Processor Family | Intel core i5 or more |
| **3.** | Base Frequency | 3.6 GHz or Higher |
| **4.** | Processor Cache | 12 MB or more L3 Cache |
| **5.** | Motherboard and Chipset | Intel Original Motherboard with VGA Port |
| **6.** | TDP (Thermal Design Power) | Not more than 65W |
| | **Memory and Disk Storage** | |
| **7.** | System Memory(RAM) | 8 GB DDR-IV Memory or Higher with 1 unused slot |
| **8.** | Expandable Memory | Upto 16 GB, at least 2 Slots |
| **9.** | Hard Disk | HDD 1TB<br>7200 RPM or more and 256GB SSD |
| | **Platform/Architecture** | |
| **10.** | Operating System | Ubuntu/Free DOS/ Without OS (Ubuntu with all required drivers and plug-in) |
| **11.** | System Architecture | 64 Bit |
| | **Display and Graphics** | |
| **12.** | Screen Size and Resolution | 20 Inch TFT LED Monitor (HD Resolution) or Higher with TCO6 Certification VGA & HDMI Port |
| **13.** | Screen Type | HD Wide Screen Backlit LED Anti-Glare Display |
| **14.** | Graphics Processor | Intel HD or Equivalent Integrated HD Graphics as per processor and Sound Controller |
| **15.** | Monitor Mounting Support | Vesa Screws Cover for Wall Mount |
| | **Input** | |
| **16.** | Keyboard and Mouse | Wired Standard 104 Keys Keyboard |
| | **Audio** | |
| **17.** | Speakers | Stereo Sound Speakers (Built-in with CPU Cabinet or Monitor) |
| | **Communication** | |
| **18.** | Ethernet | Integrated Gigabit Ethernet Controller with IPv6 Competent |
| | **Ports/Slots** | |
| **19.** | USB Port | 4 x USB 2.0, 2 x USB 3.0 |
| **20.** | Other Ports | Mic-in, Speaker Out, RJ45, VGA/Display Port Out/HDMI |
| | **Power Supply and Energy Efficiency (Green Compliance)** | |
| **21.** | Power Supply/Adapter | Optimum Wattage SMPS to support full use ofSystem with all USB Ports utilized |
| **22.** | Energy Certification | Energy Star (EPA) version 5.0 or Later / BEE IndiaStar version 1 or later |
| **23.** | Power Management | ACPI Competent |
| | **Security Features** | |
| **24.** | USB Ports Security | USB Port Disable (through BIOS) |
| | **Other Specifications** | |
| **25.** | OEM Product | Original Equipment Manufacturer or its Authorized Distributor / Dealers with OEM Certificate / Authorization only can Bid |
| | **Warranty and Service Support** | |
| **26.** | Warranty | 3 Years Warranty Support |

अध्यक्ष
क्रय समिति,
जिला एवं सेशन न्यायालय,
प्रतापगढ़ (राज.)

ANNEXURE-B

## Laser Printer Specification Duplex Printer with Ethernet Port and WIFI Port and ADF Facility Canon/HP/Brothers

| Features | Specification Description |
|---|---|
| Printing Technology | Monochrome Laser Printing |
| Duplex Printing | Auto Duplex |
| Simplex Printing Speed (A4) | 25 ppm or above |
| First Print out Time | 8 Seconds or less |
| Resolution | 600x600 dpi or better |
| Paper tray capacity | 250 Pages |
| Output tray capacity | 100 Pages |
| Paper type | Plain Paper, Heavy Paper, Transparency, Label, Index Card,Envelope |
| Duplex Printing | A4/Letter/Legal |
| RAM | 64 MB or more |
| Interface | USB 2.0 Hi-Speed or more 10/100 Base-T Ethernet (Network) |
| Operating System Driver to be provided for | Ubuntu, Windows 10, Windows 11 and later including Windows 8 (all 32 and 64 bit both) |
| Duty Cycle | 10000 Pages per month |
| Power requirement | AC 220-240 V (-/+10%), 50/60 Hz (-/+ 2Hz) |
| Energy Requirement | Energy Star (EPA) ver 5.0 or BEE India Star ver-1 |
| Original Equipment manufacturer (OEM) Product | OEM Manufacturer or its authorized dealers with OEM Manufacturer Authority only to bid |
| Warranty | 3 Year warranty |
| **UPS 1 KVA Capicity or More** | |

अध्यक्ष
क्रय समिति,
जिला एवं सेशन न्यायालय,
प्रतापगढ़ (राज.)

# कार्यालय अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, प्रतापगढ़(राज0)

## निविदा प्रपत्र

(कम्प्यूटर,प्रिन्टर मय यूपीएस आपूर्ति हेतु)

**(निविदा फार्म शुल्क 200)**

| | |
|---|---|
| 1. निविदादाता / फर्म का नाम मय पता | |
| 2. फोन / मोबाईल नम्बर | |
| 3. निविदा जिसके लिए दी गई | **Purchase of New COMPUTER SYSTEM, PRINTER WITH UPS** |
| 4. पेन नम्बर | |
| 5. जीएसटी नम्बर | |
| 6. एम.एस.एम.ई. पंजीयन कमांक | |
| 7. निविदा की अनुमानित राशि | कुल 180000 / – |
| 9. निविदा प्रपत्र की अन्तिम दिनांक | 29.01.2025 |
| 10. निविदा प्रस्ताव प्राप्ति की दिनांक | 29.01.2025 को 12.00 बजे तक |
| 11. निविदा प्रस्ताव खोलने की दिनांक | 29.01.2025 को दोपहर 2.00 बजे |

मैं / हम अध्यक्ष क्रय समिति, जिला एवं सेशन न्यायालय, प्रतापगढ़ द्वारा जारी की गई सीमित निविदा में वर्णित सभी शर्तो तथा संलग्न शीट में दी गई सूचना के अतिरिक्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है। (इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लिखित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किया जाने के प्रमाण–पत्र में हमने हस्ताक्षर कर दिया है)

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

नाम.....................................................

# कार्यालय अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, प्रतापगढ़(राज0)

## निविदा – प्रारूप

1. ........................................................(जिनके लिए निविदा प्रस्तुत की गयी है) के लिए निविदा
2. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक पता....................................................................
.......................................................................................................................................
3. किसको सम्बोधित किया गया – **श्री अध्यक्ष, क्रय समिति जिला न्यायालय,प्रतापगढ़ (राज.)**
4. संदर्भ :– ...........................................................................................................................
5. निविदा शुल्क की राशि :–................नगद रसीद सं.............................एवं दिनांक–.................. द्वारा/रेखांकित पोस्टल (डी.डी.) सं.–.........................................के द्वारा जमा करा दी गई है।
6. हम क्रय समिति जिला न्यायालय प्रतापगढ़ द्वारा जारी की गयी निविदा सूचना सं.................... दिनांक .................. में वर्णित सभी शर्तो से संलग्न शीट में दी गई उक्त निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है।
7. निम्नलिखित मदों की सप्लाई के लिए दरें निम्न प्रकार होगी तथा प्रदाय की जाने वाली सामग्री की मात्रा उनमें प्रत्येक के सामने अंकित की गयी है।
8. फर्म द्वारा आदेश प्राप्त करने के दिनांक से .......................................की अवधि के भीतर माल की सुपुर्दगी कर दी जाएगी।
9. उपर वर्णित की गई दरें .........................................तक के लिए विधिमान्य है, इस अवधि की पारस्परिक सहमति के आधार पर बढ़ाया भी जा सकेगा।
10. बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक संख्या ....................................जो (बैंक का नाम) पर आहरित किया गया है। नगद रसीद सं. ................................................................ चालान सं............................. दिनांक ........................ रूपये .....................के लिए बयाना राशि के पेटे संलग्न किया जाता है।
11. इसके साथ आयकर चुकता प्रमाण–पत्र, बिक्री कर पंजीयन एवं बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गये है।
12. विनिर्माता/डीलर आदि का घोषणा पत्र भी संलग्न किया जाता है।

(निविदादाता के हस्ताक्षर)

**::: निविदादाताओं द्वारा घोषणा ::**

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैनें/हमने जिन मालों/स्टोर्स के लिए निविदा दी है, उनका/उनके/मैं/हम बोनाफाईड/विनिर्माता/थोक विक्रेता/सोल वितरक प्राधिकृत डीलरों/डीलर/सोल सेलिंग/विपणन एजेण्ट है।

यदि वह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है पर प्रतिफल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी प्रतिभूति की पूर्ण रूप से समपस्त कर लिया जाएगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया है, रद्द कर दिया जाएगा।

(निविदादाता के हस्ताक्षर)
मय फर्म मुहर

# कार्यालय अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, प्रतापगढ़(राज0)

## वित्तीय निविदा दर प्रपत्र

( नवीन कम्प्यूटर प्रिन्टर विथ यूपीएस आपूर्ति हेतु)

| क्र.सं. | सामग्री विवरण | साईज | मात्रा | निविदा दर प्रति नग मय समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **COMPUTER SYSTEM PRINTER with UPS** | **As per Annexure-A** | 3 | |
| 2 | | **As per Annexure-B** | 3 | |
| 3 | | **Branded with one hour backup** | 3 | |

**NOTE :-** दरें शब्दों एवं अंकों दोनो में प्रस्तुत करें। ओवरराइटिंग एवं कटिंग है लघुहस्ताक्षर जरूर करें।

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय फर्म की सील

## निविदादाता द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मैने/हमने जिन मालों/सामानों/उपकरणों के लिए निविदा दी है, उनका/उनके मैं/हम वास्तविक व्यापार कर्त्ता/अधिकृत थोक विक्रेता एवं उत्पादनकर्त्ता हूँ/हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप से समपहृत कर लिया जा सकेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील
नाम..................................................

# कार्यालय : अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायालय, प्रतापगढ़ (राज.)

## निविदा की शर्ते

निविदादाता को इन शर्तो को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए तथा निविदा भेजते समय इसकी पूर्ण रूपेण पालना करनी चाहिए। इन शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदा प्रस्तावक के हस्ताक्षर होना आवश्यक है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। इस निविदा के क्रम में किए जाने वाले क्रय पर सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के प्रावधान प्रभावी होंगे। उक्त सामग्री का आपूर्ति के संबंध मे दर प्रस्तुत करते समय राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता नियम 2013 के नियमानुसार दर प्रस्तुत करने से पूर्व क्रय समिति से विस्तृत स्पष्टीकरण प्राप्त कर लेंवे तथा दर प्रस्तुत करते समय सामग्री का तकनीकी विवरण लिखा जावें जिसके आधार पर दर व किस्म में तुलना की जा सकें।

निविदा प्रपत्र निर्धारित तिथि एवं निर्धारित समय तक कार्यालय समय में इस कार्यालय की लेखा शाखा में से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा की शर्ते भी कार्यालय समय में इस कार्यालय की स्थापना शाखा में देखी जा सकती है।

1. निविदा के मुहरबन्द लिफाफे में अंकित दस्तावेज तथा निविदा को निर्धारित प्रपत्र के साथ संलग्न सामान्य शर्तों के प्रपत्र एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र हस्ताक्षरित एवं फर्म की मुहर अंकित किये जाकर संलग्न करने है।
2. निविदा पूर्ण रूप से भरी जाकर मुहरबन्द लिफाफे में प्रेषित की जानी है। **लिफाफे पर "नवीन कम्प्यूटर प्रिन्टर विथ यूपीएस के लिए निविदा"** स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिये। निविदाकर्ता निविदा के सभी पृष्ठों पर मुहर सहित हस्ताक्षर करेंगे।
3. प्राप्त हुई निविदाओं को **दिनांक 29.01.2025 को दोपहर 03.00 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जावेगा। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. आदेशित सामग्री की मात्रा में कमी अथवा वृद्धि के सम्बंध में समस्त अधिकार क्रय समिति, जिला एवं सेशन न्यायालय, प्रतापगढ़ के पास सुरक्षित होंगे। निविदा में दी गई दरे वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए GST सहित **FOR छोटीसादडी मुख्यालय** पर होनी आवश्यक हैं। कर की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
5. निविदा में वर्णित प्रत्येक आईटम की एकल दरें ही मान्य होंगी तथा एक से अधिक दरें देने पर सम्बंधित आईटम की दर अस्वीकार्य होंगी।
6. निविदा दाता द्वारा प्रस्तुत दरों में जीएसटी एवं अन्य समस्त कर एवं समस्त प्रकार के प्रभार सम्मिलित होंगे।
7. निविदा प्रपत्र स्याही से या टंकन से भरा जाएगा। पेंसिल से भरी हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. दरें नियत स्थान पर अंको एवं शब्दों दोनो में लिखी जाएगी। इसमें कोई काट–छाँट एवं उपरी लेखन नहीं होना चाहिए। यदि कोई शुद्धियां करनी आवश्यक हो तो वे स्पष्ट रूप से की जानी चाहिए एवं दिनांक सहित उन पर लघु हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।
9. निविदा दाता द्वारा प्रस्तुत दरों में अंकों एवं शब्दों मे वर्णित दरों में अंतर नहीं होना चाहिए। अंतर होने की स्थिति में जो भी दर कम होगी उस पर विचार किया जाएगा।
10. माल की आपूर्ति/फिक्सिंग इस न्यायक्षेत्र के न्यायालयों यथा प्रतापगढ़ मुख्यालय में स्वयं के खर्चे पर की जानी होगी।
11. आपूर्तिकर्त्ता अपनी संविदा को किसी अन्य एजेंसी के लिए नहीं सौपेगा या उपभाड़े (सब–लैट) पर नही देगा।
12. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की प्रयोगशाला/तकनीकी जांच आवश्यक है तो आपूर्ति के साथ जांच प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें। आपूर्ति के पश्चात् कोई गुणवत्ता सम्बंधी विपरीत स्थिति पाई जाती है तो क्रय आदेश निरस्त किया जा सकेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपूर्तिकर्त्ता फर्म की होगी।
13. सफल निविदा दाता द्वारा सप्लाई की गई सामग्री का विभाग किसी भी समय सामग्री की निविदा के स्पेसीफिकेशन अनुसार सरकारी प्रयोगशाला से जांच कराने के लिए स्वतंत्र होगा। यदि सामग्री निविदा के स्पेसीफिकेशन अनुसार पाई गई तो जांच के परीक्षण प्रभार सरकार द्वारा वहन किए जायंगे। अन्यथा उक्त प्रभार निविदा दाता को वहन करने होंगे।
14. निरीक्षण या परीक्षण के दौरान जो वस्तुएं निर्धारित मापदण्ड के अनुसार नहीं पाई जाएगी, उन्हे रद्द कर दिया जाएगा तथा निविदा दाता द्वारा ऐसी वस्तुओं/सामग्री को क्रेता अधिकारी द्वारा **नियत समय (1 माह) के** भीतर अपनी स्वयं की लागत पर बदलना होगा।
15. निविदा की शर्तो का उल्लंघन करने पर बिना नोटिस दिए अनुबंध निरस्त किया जा सकेगा। शर्तो के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उस विवाद को निर्णित करने के संबंध में जिला एवं सेशन न्यायाधीश, प्रतापगढ़ का निर्णय अंतिम होगा जो निविदा दाता को बाध्य होगा।
16. निविदा दाता उचित पैकिंग/फिक्सिंग करने के लिए उत्तरदायी होगा। किसी प्रकार की हानि, क्षति, कमी होने के मामले में निविदा दाता उन सामग्रियों की जांच/निरीक्षण किए जाने पर पाई गई ऐसी हानि एवं कमी की पूर्ति करने के लिए उत्तरदायी होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत स्वीकार नहीं की जाएगी।

17. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा सामग्री की आपूर्ति कार्यादेश के अनुसार निर्धारित समयावधि में की जानी होगी। सामग्री की सप्लाई आदेशानुसार या समय पर नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी, जिसका उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का होगा।

18. यदि क्रेताधिकारी किन्ही निविदत्त वस्तुओं की खरीद नहीं करता है या निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट मात्रा में कम मात्रा में माल खरीदता है तो निविदा दाता किसी क्षति पूर्ति का क्लेम करने के अधिकृत नहीं होगा।

19. भुगतान :–

(1) राशि का भुगतान दिए गए आदेश के अनुरूप सामग्री पूर्ण एवं सही हालत में प्राप्त होने पर दिया जाएगा।

(2) भुगतान निविदा दाता क्रेता अधिकारी को उचित प्रारूप में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुरूप बिल प्रस्तुत करने पर किया जाएगा तथा सभी प्रेषण प्रभार निविदा दाता द्वारा वहन किये जाऐंगे।

(3) नियमानुसार देय कर की कटौती भुगतान के समय स्त्रोत पर की जाएगी।

(4) निविदादाता द्वारा अंकित की गई दर में सभी प्रकार के कर एवं व्यय शामिल होंगे।

20. परिनिर्धारित क्षति (Liquidated Damages) के साथ सुपुर्दगी अवधि में वृद्धि करने के मामले में वसूली निम्नलिखित प्रतिशतता के आधार पर उन स्टोर के मूल्यों के लिए की जाएगी, जिनकी निविदादाता सप्लाई करने में असफल रहा है :–

1(क) विहित सुपुर्दगी अवधि की एक चौथाई अवधि तक के विलम्ब के लिए 2.5 प्रतिशत।

(ख) एक चौथाई अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की आधी अवधि के लिए 5 प्रतिशत।

(ग) आधी अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की तीन चौथाई अवधि के लिए 7.5 प्रतिशत।

(घ) विहित अवधि की तीन चौथाई से अधिक अवधि के विलम्ब के लिए 10 प्रतिशत।

2 परिनिर्धारित क्षति की अधिकतम राशि 10 प्रतिशत होगी।

3. यदि प्रदायकर्त्ता किन्ही बाधाओं के कारण संविदान्तर्गत माल की सप्लाई को पूरा करने के लिए समय में वृद्धि कराना चाहता है, तो वह लिखित में उस प्राधिकारी को आवेदन करेगा, जिसने प्रदायगी अवधि हेतु आदेश दिया है, किन्तु वह उसके लिए निवेदन बाधा के घटित होने पर तुरन्त उसी समय करेगा न किये सप्लाई पूर्ण होने की निर्धारित तारीख के बाद करेगा।

4. यदि माल के सप्लाई कार्य करने में उत्पन्न हुई बाधा निविदा दाताओं के नियंत्रण से परे कारणों से हुई तो सुपुर्दगी की अवधि में वृद्धि जिला एवं सेशन न्यायाधीश, प्रतापगढ़ के विवेक पर नियमानुसार परिनिर्धारित क्षति सहित या रहित की जा सकेगी।

21. वसूलियां :–परिनिर्धारित नुकसानी, कम प्रदाय, रद्द की गई वस्तुओं के लिए वसूली साधारण रूप से बिलों में रोकी जाएगी। कम सप्लाई, रद्द किये गये माल की मात्रा की राशि को भी रोका जा सकेगा तथा यदि सप्लायरसंतोषजनक ढंग से उनको नहीं बदलता है तो परिनिर्धारित क्षति (Liquidated Damages) के साथ वसूली उसकी देय राशि क्लेम्स एवं विभाग के पास उपलब्ध प्रतिभूति निक्षेप से की जाएगी।

22. क्रेता अधिकारी किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की निविदा नहीं है, स्वीकार करने, बिना कोई कारण बतलाए, किसी भी निविदा को रद्द करने या जिन वस्तुओं के लिए निविदा दाता ने निविदा दी है, उन सबके लिए या किसी एक या अधिक के लिए निविदा को स्वीकार करने या एक फर्म/सप्लायर से अधिक से अधिक सामान की मदों को वितरित करने के अधिकार को अपने पास आरक्षित रखेगा।

23. यदि संविदा के निर्वचन आशय का संविदा की शर्तो के उल्लंघन के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो वह प्रकरण विभागाध्यक्ष को भेजा जाएगा एवं इसमें अंतिम निर्णय विभागाध्यक्ष का ही होगा, जो कि निविदादाता को मान्य होगा।

24. समस्त विधिक कार्यवाही, यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो, तो किसी भी पक्षकार सरकार को निविदा दाताओं द्वारा प्रतापगढ़ न्यायिक क्षेत्र में स्थित न्यायालयों में ही पेश की जाएगी।

25. उपरोक्त शर्तो के अतिरिक्त जहां आवश्यक हो राजस्थान सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम और राजस्थान उपापन एवं पारदर्शिता नियम, 2013 के प्रावधान यथास्थान लागू होंगे।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैने/हमने उपर्युक्त समस्त शर्तो को सावधानी पूर्वक पढ़ एवं समझ लिया है जो हमें स्वीकार्य है, जिसकी सहमति के रूप में निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर दिए है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

नाम.......................................................

मोबाइल नं.........................................